प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

***********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13 वें दिन आज भोजनावकाश के बाद जल संसाधन, लघु सिंचाई और विधि विभाग के बजट पर चर्चा जारी है। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पेयजल और स्वच्छता विभाग से जुड़ी स्वर्णरखा परियोजना के शीर्ष कार्य प्रमंडल में करोड़ों रुपये की अवैध निकासी के मामले में सत्ता पक्ष के विधायकों ने ही सरकार और विभाग को घेरा। प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। इसके जवाब में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने सरकार द्वारा की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच एसीबी को सौंपी गयी है।

***********************

गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। उदघाटन से पहले मुख्यमंत्री बंशीधर मंदिर जायेंगे और पूजा–अर्चना करेंगे। दो दिवसीय समारोह के दौरान राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों से आये कलाकार झारखंडी संस्कृति और परंपरा की झलक पेश करेंगे।

***********************

चतरा जिले में स्थित एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट ने आज अहले सुबह यूनिट–3 का सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज़ेशन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि परियोजना की पूर्ण क्षमता संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को और सशक्त बनाएगी तथा देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा प्रोजेक्ट की कुल निर्धारित क्षमता एक हजार नौ सौ अस्सी मेगावाट है, जिसमें छह सौ साठ मेगावाट की तीन इकाइयाँ शामिल हैं। पहले से ही दो इकाइयाँ संचालित थीं, और अब यूनिट–3 के सफल सिंक्रोनाइज़ेशन के साथ एनटीपीसी अपनी पूर्ण उत्पादन क्षमता के करीब पहुंच गया है। संस्थान के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी है और कर्मचारियों के लगातार परिश्रम और तकनीकी कुशालता की सराहना की है।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पेस एक्स के क्रू–9 मिशन के पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वालों को बधाई दी है और उनके प्रयासों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू 9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। उन्होंने कहा कि यह धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। श्री मोदी ने कहा कि अज्ञात परिस्थितियों में उनका अटूट दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को हमेशा प्रेरित करेगा। सुनीता विलियम्स की भावना और प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स ने अपने पूरे करियर में इसे दर्शाया है।

***********************

रांची की एक महिला ने पोल्ट्री फार्मिंग के क्षेत्र में एक अनूठा प्रयोग किया है, जिसके बाद इलाके में वह दूसरों के लिए नजीर बन गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

***********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर के मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल से अगले चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हो सकती है और तेज हवा चलेगी।

***********************

रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मुकाबलों में आज हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिसा ने हॉकी महाराष्ट्र को एक गोल से पराजित कर दिया। एक अन्य मैच में मणिपुर ने हॉकी मध्य प्रदेश को दो गोल से हराया। आज शाम मेजबान झारखंड का मुकाबला बंगाल से होगा।

*****समाप्त*****